# ठस्का गांव बना डेंगू का हाट स्पाट अब तक 72 मरीज मिले पाजिटिव

## हर रोज ठस्का गांव से लिए जा रहे करीब 100 लोगों के ब्लड सैंपल

अंकित यादव • जागरण

- डेंगू के मामलों में लगातार बढ़ोतरी ने बढ़ा दी है स्वास्थ्य विभाग की परेशानी
- डीएम एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पूरे घटनाक्रम पर बनाए हुए हैं नजर

रुड़की : हरिद्वार जिले में स्थित नारसन ब्लाक के ठस्का गांव डेंगू का हाट स्पाट बन गया है। गांव में अब तक डेंगू के 72 मामले सामने आ चुके हैं। इससे ठस्का समेत आस-पास के गांवों में भी हड़कंप मचा हुआ है। जहां एक ओर डेंगू का सीजन अपने अंतिम दौर में है, वहीं वह जाते-जाते सिस्टम के दावों की पोल खोल रहा है। गांव में जगह-जगह जलभराव और लोगों में जागरूकता की कमी ने भी परेशानी बढ़ाई है। गांव से हर रोज करीब 100 लोगों के ब्लड सैंपल लिए जा रहे हैं। डेंगू के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में जिलाधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इस पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं।

सिस्टम के क्रियान्वयन की नीति अगर सही न हो तो वह कब सवालों के घेरे में खड़ा हो जाएगा पता भी नहीं चलेगा। सरकारी दावे तभी तक सही माने जा सकते हैं, जब तक सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा हो। इसका एक उदाहरण हरिद्वार जिले में स्थित नारसन ब्लाक के ठस्का गांव में देखने को मिल रहा है। यहां पर डेंगू ने कुछ इस तरह कहर बरपाया कि सिस्टम के दावों की पोल खुल गई है। स्वास्थ्य विभाग पिछले दो महीने से डेंगू की रोकथाम के लिए युद्धस्तर पर काम कर रहा था। इसके लिए विभाग ने बड़े स्तर पर मानवीय और तकनीकी संसाधनों का भी सहारा लिया। दो-ढाई महीने तक सब कुछ ठीक-ठाक चलने से लोग स्वास्थ्य विभाग की तारीफ भी कर रहे थे। लेकिन, डेंगू ने जाते-जाते स्वास्थ्य विभाग के दावों की परतों को उधेड़ कर रख दिया।

जिला मलेरिया अधिकारी गुरमान सिंह बताते हैं कि गांव में पहले से जल भराव था। साथ ही लोग डेंगू को लेकर लोग जागरूक नहीं थे। यही मुख्य कारण रहा कि नारसन के ठस्का गांव में डेंगू के इतने अधिक मामले देखने को मिल रहे हैं। स्थिति को नियंत्रित करने की दिशा में काम किया जा रहा है।


नारसन ब्लाक के ठस्का गांव में नाली में एकत्रित गंदगी को साफ करती गांव की युवती • सभार सुधि पाठक

> गांव में साफ-सफाई के लिए टीम को लगाया गया है। साथ ही फागिंग भी कराई जा रही है। आशा और आंगनबाड़ी कर्मचारी घर-घर जाकर डेंगू का लार्वा नष्ट कर रही हैं।
>
> जयेंद्र भारद्वाज, ग्राम विकास अधिकारी नारसन ब्लाक

> नारसन ब्लाक के ठस्का गांव से डेंगू के अप्रत्याशित मामले सामने आना चिंता का विषय है। स्वास्थ्य विभाग इसके सभी पहलुओं को परखने का प्रयास कर रहा है। भविष्य में इस तरह के घटनाक्रम की पुनरावृत्ति न हो इस दिशा में विभाग रणनीति बना रहा है।
>
> डा. आरके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हरिद्वार

# खनन कारोबारी पर फायरिंग करने वालों के गिरेबान तक पहुंचे पुलिस के हाथ, फरार आरोपित जल्द होंगे गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, रुड़कीः खनन कारोबारी पर फायरिंग करने वाले फरार तीनों बदमाशों के गिरेबान तक पुलिस के हाथ पहुंच गए हैं। पुलिस ने फरार आरोपितों को चिह्नित कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र बिष्ट ने बताया कि पुलिस शीघ्र ही इन्हें गिरफ्तार करेगी। बता दें, इस मामले में एक आरोपित को पुलिस पहले ही मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर चुकी है। बहादराबाद थाना क्षेत्र के शांतशाह निवासी गुलाम साबिर व उसका भाई सलमान खनन कारोबारी है। नगला इमरती के पास इन्होंने खनन करने की अनुमति ले रखी है। 20 अक्टूबर को नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने गुलाम साबिर पर फायरिंग कर दी थी। इस दौरान वह तो किसी तरह से बच गए थे, लेकिन वहां से जा रहा राहगीर वारिश निवासी गाधारौणा कमर में गोली लगने से घायल हो गया था। बदमाशों ने गुलाम साबिर की थार कार पर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी।


आवश्यकता है
दैनिक जागरण
सेल्स एग्जीक्यूटिव
पद हेतु लड़के/ लड़कियां संपर्क करें।
पार्ट टाईम/ फुल टाइम जॉब
कमाएं - 15,000 से 20,000 तक महीना
*आवेदक के पास स्मार्ट फोन होना अनिवार्य है।
दैनिक जागरण, एनआईएच रोड़, सिविल लाईन, रूड़की
(सुबह 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक संपर्क करें)
7017684832



प्रपत्र - 'जी' रुचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण

**ट्रेडिंग इंजीनियर्स (इंटरनेशनल) लिमिटेड**

**रूड़की में डीजी इकाइयों और टावर इकाइयों में संचालित**

[भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड के विनियम 36ए के उप-विनियम (1) के अधीन (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के तहत]

| क्र सं. | प्रासंगिक विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | कार्पोरेट देनदार का नाम पैन एवं सीआईएन नंबर / एलएलपी सहित | ट्रेडिंग इंजीनियर्स (इंटरनेशनल) लिमिटेड<br>पैन - AAACT3870G<br>सीआईएन - U74899DL1972PLC108312 |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | 806, देविका टॉवर, 6, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली - 110019 |
| 3 | वेबसाइट का यूआरएल | http://tradingengineers.com |
| 4. | उस स्थान का विवरण, जहां पर अधिकांश अचल संपत्तियाँ स्थित हैं | प्लॉट खसरा संख्या 247, खाता संख्या 343, गांव लकेश्वरी-सिकंदरपुर, भैसवाल, एवरेस्ट फैक्ट्री के सामने, भगवानपुर, रुड़की, जिला हरिद्वार, उत्तराखंड, भारत।<br>प्लॉट खसरा संख्या (348,349,350 और 351), गांव लकेश्वरी- सिकंदरपुर, भैसवाल, भगवानपुर, रुड़की, जिला हरिद्वार, उत्तराखंड, भारत। |
| 5. | कार्पोरेट देनदार के मुख्य उत्पादों/ सेवाओं की संस्थापित क्षमता | टावर विनिर्माण इकाई में 2500 मीट्रिक टन क्षमता का इन-हाउस गैल्वनाइजिंग प्लांट है। टीईआईएल के पास भारत के सहारनपुर में 2000 केवीए तक के सेटों के लिए पूरी तरह से एकीकृत डीजल जेनरेटिंग सेट विनिर्माण सुविधा है। |
| 6. | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए प्रमुख उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य | वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए ट्रेडिंग इंजीनियर्स (इंटरनेशनल) लिमिटेड के अलेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों में 1,87,56,589 रुपये की रिपोर्ट की गई बिक्री मूल्य है। |
| 7. | कर्मचारियों/श्रमिकों की संख्या | वर्तमान में सीडी में 13 कर्मचारी हैं। |
| 8. | अतिरिक्त विवरण दो वर्षों हेतु अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूचियों सहित) लेनदारों की सूचियां प्रोसेस की अनुवर्ती घटनाओं के लिए विवरण यूआरएल पर उपलब्ध हैं: | जानकारी आरपी के कार्यालय से ली जा सकती है, जो ए-166 द्वितीय तल, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली 110024 पर स्थित है। ईमेल करें: ip.tradingengineers@gmail.com/ v_parti@yahoo.com |
| 9. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के अधीन समाधान आवेदकों हेतु पात्रता यहां यूआरएल पर उपलब्ध है। | जानकारी आरपी के कार्यालय से ली जा सकती है, जो ए-166 द्वितीय तल, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली 110024 पर स्थित है। ईमेल करें: ip.tradingengineers@gmail.com/ v_parti@yahoo.com |
| 10. | अभिरूचि की अभिव्यक्ति प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि | 12-11-2024 |
| 11. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 22-11-2024 |
| 12 | अंतिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 27-11-2024 |
| 13. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 07-12-2024 |
| 14 | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा समाधान योजना हेतु अनुरोध जारी करने की तिथि | 12-12-2024 |
| 15. | समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 11-01-2025 |
| 16. | ईओआई जमा करने के लिए ई-मेल करें | ip.tradingengineers@gmail.com |

विवेक पार्ती
रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल
IBBI/IPA-001/IP-P00813/2017-18/11376
दिनांक : 28.10.2024 ए-166 द्वितीय तल, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली-110024
स्थान : नई दिल्ली ट्रेडिंग इंजीनियर्स (इंटरनेशनल) लिमिटेड के लिए CIRP के तहत


# बालक की मौत मामले में हत्या की धारा जोड़ी

- रहमतपुर रोड व गंगनहर पटरी पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस
- मुजफ्फरनगर में रहने वाले रिश्तेदारों पर भी टिकी पुलिस के शक की सुई

संवाद सूत्र, जागरण • कलियरः बालक की मौत का मामला पुलिस ने हत्या की धाराओं में तरमीम कर दिया है। इसमें तीन रिश्तेदारों को शक के आधार पर आरोपित बनाया गया है। पुलिस की दो टीम उप्र के मुजफ्फरनगर में दबिश दे रही हैं। इसके अलावा पुलिस की टीम कई जगहों पर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

कलियर के वार्ड नंबर तीन निवासी उवेश (13) पुत्र आस मोहम्मद उर्फ कल्लू 23 अक्टूबर को बकरी चराने के लिए दरगाह किलकिली साहब के जंगल में गया था। रात को बकरी तो आ गई थी लेकिन उवेश घर नहीं आया था। स्वजन के तलाशने पर भी उसका कुछ पता नहीं चल पाया था। इसके बाद आस मोहम्मद ने 25 अक्टूबर को अपने रिश्तेदार तनवीर निवासी नावला थाना मंसूरपुर, जिला मुजफ्फरनगर, फरमान निवासी पावटी, थाना चरथावल, मुजफ्फरनगर तथा मोबिन निवासी बरला थाना छपार, मुजफ्फरनगर के खिलाफ शक के आधार पर बेटे के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था।

वहीं, शनिवार दोपहर को उवेश का शव एक गन्ने के खेत से बरामद हुआ था। बच्चे की गला दबाकर हत्या करने की आशंका थी। स्वजन ने जमकर हंगामा करते हुए पुलिस पर मामले में लापरवाही का आरोप लगाया था। उस दौरान पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया था।

थाना प्रभारी दिलबर सिंह नेगी ने बताया कि पुलिस ने बच्चे के अपहरण का मामला हत्या में तरमीम कर लिया है। पुलिस की दो टीमें मुजफ्फरनगर रवाना की गई हैं। वहीं पुलिस की दो टीमें दरगाह किलकिली साहब रोड, रहमतपुर रोड तथा गंगनहर पटरी पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ और बातें साफ हो पाएंगी। पुलिस रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। बताया कि मामले का जल्द ही पटाक्षेप कर दिया जाएगा।

# आंगनबाड़ी केंद्र से चोरी करने वाला धरा

संवाद सहयोगी, जागरण • मंगलौर : आंगनबाड़ी केंद्र से सामान चोरी करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी किए गए सामान भी बरामदगी कर ली है। मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गदरजुड़ा निवासी मुनेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि वह आंगनबाड़ी केंद्र नंबर पांच पर कार्य करती है। 17 अक्टूबर की रात अज्ञात ने आंगनबाड़ी केंद्र से गैस सिलिंडर, चुल्हा व अन्य सामान चोरी कर लिया है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे खंगाले थे और आरोपित को चिह्नित किया। पुलिस ने आरोपित सौरभ निवासी गदरजुड़ा को हिरासत में लेते हुए उसके निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद कर लिया है।

# पुलिस ने जेवर व रुपयों से भरा बैग ढूंढकर दंपती को लौटाया


बाइक से गिरे बैग को ढूंढकर दंपती को जेवर व नगदी लौटाती पुलिस • जागरण

संवाद सहयोगी, जागरण • मंगलौर : बाइक से गिरे जेवर व रुपयों से भरे बैग को सीसीटीवी कैमरों की मदद से ढूंढकर पुलिस ने मुजफ्फरनगर निवासी पीड़ित दंपती को लौटाया। इस पर दंपती ने उत्तराखंड पुलिस का आभार जताया।

उत्तर प्रदेश के जिला मुजफ्फरनगर के कस्बा मीरापुर निवासी तनु शनिवार रात को बाइक पर पति करमजीत सिंह के साथ हरिद्वार से घर लौट रही थी। जब वह मंगलौर में जैन स्तंभ के पास स्थित एक रेस्टोरेंट पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उनकी बाइक पर लटका बैग कहीं गिर गया है। उन्होंने इसकी सूचना मंगलौर कस्बा चौकी पुलिस को दी। साथ ही, बताया कि बैग में नगदी के साथ ढाई लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर हैं। इसके बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली तो उसमें एक महिला बैग को उठाकर ले जाते दिखी। जानकारी जुटाने पर महिला मंगलौर के मोहल्ला खालसा निवासी निकली। पुलिस ने महिला से बैग लेकर दंपती को लौटाया।

